भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*118

सोमवार, 27 जुलाई, 2026/5 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम

†*118. श्री अ. मनिः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु की यात्रा करने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान पर्यटन से कितना राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है;

(ख) धर्मापुरी जिले और होगेनक्कल जलप्रपात जैसे इसके प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विशेषकर धर्मापुरी जिले सहित तमिलनाडु में रोजगार और आर्थिक विकास में पर्यटन के योगदान का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा तमिलनाडु में अवसंरचना विकास, पर्यटन स्थलों के प्रचार, विरासत, पारिस्थितिकी, तटीय और आध्यात्मिक पर्यटन, बेहतर विमान और रेल संपर्क और डिजिटल पर्यटन संबंधी पहलों के माध्यम से तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धर्मापुरी जिले में स्वीकृत या कार्यान्वित की गई परियोजनाओं सहित उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री अ. मनि द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम के संबंध में दिनांक 27.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*118 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क): तमिलनाडु सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु राज्य में आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	**आने वाले घरेलू पर्यटक**	**आने वाले विदेशी पर्यटक**
2021	115336719	57622
2022	218584846	407139
2023	286011515	1174899
2024	306842014	1161302
2025	362978487	1687465
2026 (मई तक)	189474093	1133197

तमिलनाडु सरकार ने यह भी सूचित किया कि पर्यटन विभाग के पास कोई राजस्व सृजन संबंधी आंकड़ा नहीं है।

(ख): तमिलनाडु सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, होगेनक्कल जलप्रपात जैसे प्रमुख पर्यटक आकर्षण/गंतव्य सहित धर्मापुरी जिले में आने वाले पर्यटकों की संख्या, **अनुबंध-I** में दर्शायी गई है।

(ग): तमिलनाडु सरकार ने सूचित किया है कि पर्यटन को एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है, जो तमिलनाडु में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। राज्य ने पर्यटन विभाग और अन्य एजेंसियों द्वारा किए गए अध्ययनों, तैयार किए गए नीति संबंधी दस्तावेजों और परियोजना रिपोर्टों के माध्यम से समय-समय पर इसका आकलन किया है। पर्यटन प्रत्यक्ष रोजगार (होटल, रेस्तरां, ट्रैवल एजेंसियां, टूर ऑपरेटर, टूरिस्ट गाइड और परिवहन सेवाएं) और अप्रत्यक्ष रोजगार (हस्तशिल्प, स्थानीय व्यवसाय, कृषि और संबद्ध सेवाएं) दोनों सृजित करता है।

उन्होंने यह भी सूचना दी है कि धर्मापुरी जिले में होगेनक्कल जलप्रपात और अन्य आकर्षणों से जुड़ा पर्यटन, नौका विहार सेवाओं, आवास, खाद्य प्रतिष्ठानों, परिवहन, हस्तशिल्प और अन्य पर्यटन से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से आजीविका प्रदान करने में सहायता करता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होता है।

(घ): पर्यटन स्थलों और उत्पादों को चिह्नित कर, उनका विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा निरंतर रूप से की जाने वाली प्रक्रिया है। पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) और पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) जैसी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को संपूरित करता है। संशोधित अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल यात्रियों को गंतव्यों, आकर्षणों और वास्तविक समय की यात्रा सेवाओं के बारे में क्यूरेटेड जानकारी प्रदान करने वाले वन-स्टॉप डिजिटल समाधान के रूप में कार्य करता है। तमिलनाडु में पर्यटन के संवर्धन के लिए स्वीकृत केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अलावा, राज्य ने सूचित किया है कि तमिलनाडु सरकार ने राज्य द्वारा वित्तपोषित योजनाओं के तहत पर्यटन अवसंरना के विकास और उन्नयन के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

1. सड़क, पार्किंग सुविधाएं, शौचालय, पेयजल, साइनबोर्ड, प्रकाश व्यवस्था, व्यू-पॉइंट्स और आगंतुक सूचना केंद्र जैसी मूलभूत पर्यटक सुविधाओं में सुधार।
2. गंतव्य-विशिष्ट परियोजनाओं के माध्यम से विरासत, इको-पर्यटन, आध्यात्मिक, तटीय, ग्रामीण और साहसिक पर्यटन का संवर्धन।
3. प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के माध्यम से गहन गंतव्य विपणन, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मार्ट में भागीदारी और सोशल मीडिया अभियान।
4. पर्यटन परिपथ का विकास और एकीकृत गंतव्य योजना।
5. पर्यटक गाइडों और स्थानीय सेवा प्रदाताओं सहित पर्यटन संबंधी हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास कार्यक्रम।
6. प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर सड़क, रेल और हवाई पहुंच के लिए संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ समन्वय के माध्यम से बेहतर संपर्कता की सुविधा।
7. ऑनलाइन सूचना पोर्टल, डिजिटल प्रचार अभियान, क्यूआर-कोड-सक्षम पर्यटक सूचना और तमिलनाडु पर्यटन वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से बेहतर ऑनलाइन सेवाओं जैसी डिजिटल पहलों को अपनाना।

धर्मापुरी जिले के होगेनक्कल क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 17.57 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इन कार्यों में एक प्रवेश द्वार, सैनिटरी परिसर के साथ एक प्रवेश प्लाजा, एक टिकट काउंटर, दुकानें, कैफेटेरिया, सुविधा केंद्र, एक प्रोमेनेड, एक कोरेकल (गोलाकार) बोर्डिंग प्लेटफॉर्म, एक प्रतीक्षा क्षेत्र, एक कोरेकल (गोलाकार) डॉकिंग क्षेत्र, स्थल का विकास, पुरुषों और महिलाओं के लिए स्नान क्षेत्रों का नवीनीकरण, चेंजिंग रूम, एक व्यूइंग डेक, एक लैंडिंग प्लेटफॉर्म, मसाज के लिए स्थान, पेयजल की सुविधाएं और खाद्य स्टॉल शामिल हैं। इन सभी कार्यों को पूरा किया गया और दिनांक 26.11.2024 को तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इनका उद्घाटन किया गया।

****

अनुबंध ।

श्री अ. मनि द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम के संबंध में दिनांक 27.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*118 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटक आकर्षण/गंतव्य-वार धर्मापुरी जिले में आने वाले पर्यटकों की संख्या

आकर्षण/गंतव्य का नाम	वर्ष		
	2023	**2024**	**2025**
हैंगिंग ब्रिज, होगेनक्कल टीटीडीसी	301279	362100	188460
सरकारी संग्रहालय, पुरातत्व, विभाग, धर्मापुरी	1727	1524	1823
क्रोकोडाइल पार्क, होगेनक्कल	146573	64503	104033
होगेनक्कल जलप्रपात	1761400	1286970	1651540
सेन्द्रया पेरुमल मंदिर (एएसआई)	11360	11310	12730
थोप्पूर दरगाह	38630	38215	36360
वानियार बांध	12015	11530	13430
सुब्रमण शिव स्मारक, पप्पारापट्टी	11416	8930	15630
तीर्थगिरीश्वरर (शिव) मंदिर तीर्थमलाई	97620	77330	80965
अथियमनकोट्टई	11580	11020	12340
कालभैरवर मंदिर, अथियमनकोट्टई	118125	112040	117070
अंजनेयर मंदिर, मुथमट्टी	29030	21240	22270
मल्लीकार्जुश्वेरर मंदिर, धर्मापुरी (कोट्टई कोविल)	32285	33945	33520
कुंथी अम्मन मंदिर, कोविलूर, पलाकोडु	14035	15000	16870
सुब्रमण्यमस्वामी मंदिर, कुमारस्वामी पेट्टई, धर्मापुरी	110160	115370	132760
कल्याण रामर मंदिर, थेनकराई कोट्टई	15365	13680	15025
वथलमलई	17070	37220	79570
चित्तेरी पहाड़ियां	8720	7240	7300
कुल	**2738390**	**2229167**	**2541696**

****

अनुबंध II

श्री अ. मनि द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम के संबंध में दिनांक 27.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*118 के भाग (घ) के उत्तर में **विवरण**

तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं का विवरण:

स्वदेश दर्शन				
परिपथ/स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**उपयोग के लिए जारी/प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)**
तटीय 2016-17	(चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मानपाडु-कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03	71.03

स्वदेश दर्शन 2.0				
गंतव्य	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)**
मामल्लापुरम	शोर मंदिर में गहन अनुभव	29.02.2024	30.02	-

चुनौती आधारित गंतव्य विकास				
गंतव्य/श्रेणी	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)**
रामेश्वरम द्वीप (आध्यात्मिक पर्यटन)	रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन	27.03.2025	20.01	10.01

पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता			
स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**जारी की गई राशि 66% (करोड़ रु. में)**

2024-25	मामल्लापुरम में नंदवनम विरासत पार्क का विकास	99.67	112.13
2024-25	ऊटी में रेस कोर्स में इको पार्क	70.23	

तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)

स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)	जारी की गई राशि (करोड़ रु. में)	उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)	भौतिक प्रगति (%)	वित्तीय प्रगति (%)	स्थिति
2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99	13.99	13.99	100	100	पूर्ण
2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86	4.86	4.86	100	100	पूर्ण
2024-25	8 नवग्रह मंदिरों का विकास	40.94	11.75	0	8.06	0	जारी

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता

एजेंसी	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)	जारी की गई राशि (करोड़ रु. में)	उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)	स्थिति
आईटीडीसी	गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर, जिला - अरियालुर में प्रकाश व्यवस्था और संबद्ध कार्य	2024-2025	11.47	1.14	0	जारी
चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	चेन्नई बंदरगाह के मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र	2012-2013	17.24	17.24	17.24	पूर्ण
रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय	रामेश्वरम रेलवे स्टेशन	2017-2018	4.7	3.75	2.26	भौतिक रूप से पूर्ण

द्वारा पर्यटन सुविधाओं का संयुक्त विकास	मदुरै रेलवे स्टेशन	2018-2019	4.48	3.56	2.23	भौतिक रूप से पूर्ण

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार

वर्ष	**मेलों और महोत्सवों के नाम**	**स्वीकृत राशि (लाख रु. में)**
2015-16	मामल्लापुरम, तमिलनाडु में भारतीय नृत्य महोत्सव	8
2016-17	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25
2017-18	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25
2018-19	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25
2019-20	भारतीय नृत्य महोत्सव	25
2019-20	कुमारी महोत्सव	10
2019-20	पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव	15
2021-22	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25
2022-23	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25
2023-24	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25
2024-25	भारतीय नृत्य महोत्सव-मामल्लापुरम	50
2024-25	मार्गज़ी संगीत महोत्सव - चेन्नई	10
2024-25	मदुरै पोंगल महोत्सव	20
2025-26	भारतीय नृत्य महोत्सव	25

****